केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032

सं.सी-14015013/हिं.दि./खंड-3/2018/230 दिनांक : 16.08.2021

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। तदनुसार, दिनांक 01.09.2021 से 14.09.2021 तक हिंदी पखवाड़ा तथा दिनांक **14 सितम्बर, 2021 (मंगलवार)** को हिंदी दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निम्नानुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं:-

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता **(ऑफलाइन माध्यम से)** विषय: पर्यावरण के संदर्भ में ऊर्जा संरक्षण का महत्व एवं चुनौतियाँ	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	वैज्ञानिक एवं तकनीकी वर्ग के कर्मचारी/अधिकारी
02.	हिंदी टिप्पण/आलेखन/ पत्राचार **(ऑफलाइन माध्यम से)**	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
03.	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता **(ऑनलाइन माध्यम से)**	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी

कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा:

ध्यान रखने योग्य बातें (1) प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, प्रतियोगिताओं को 20-20 प्रतिभागियों के समूह में करवाया जाएगा।

(2) सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए, एक-एक कुर्सी छोड़कर बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

(3) प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व कक्ष को विधिवत रूप से सेनिटाइज करवाया जाएगा।

(4) प्रतियोगिता के दौरान सभी को मॉस्क पहनना अनिवार्य होगा।

क. **प्रथम प्रतियोगिता "वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख"** के संबंध में, यह अनुरोध है कि कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए कृपया अपने लेख राजभाषा प्रभाग में रखे गए बॉक्स में डाल दें ताकि इनका मूल्यांकन करके यथासमय पुरस्कार निर्धारित किए जा सके। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। लेख उत्कृष्ट भाषा-शैली, अर्थपूर्ण, जन-जागरूकता बढ़ाने वाला तथा अधिकतम 15 पृष्ठों तक का होने चाहिए। इसके साथ ही, **केवल हस्तलिखित लेखों** को ही स्वीकार किया जाएगा।

ख. **द्वितीय प्रतियोगिता- "हिंदी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार"** के लिए प्रश्न-पत्र तैयार किया जाएगा। इसमें व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, नोटिंग/ड्राफ्टिंग, पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिंदी पर्याय एवं हिंदी वाक्यों/शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे।

क्रमशः.............2

ग. **तृतीय प्रतियोगिता- "प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता"** को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इसमें बहु-विकल्पीय प्रश्न संरूप(एम.सी.क्यु.फॉर्मेट) में प्रश्न रखे जाएंगे और सही विकल्प का चयन करना होगा।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं हिंदी दिवस कार्यक्रम से पहले आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता संबंधी अन्य नियम, आयोजन की तिथि, समय और स्थान के संबंध में यथासमय सूचित किया जाएगा।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि सरकारी काम-काज को राजभाषा हिंदी में किए जाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। अतः यह अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़े के दौरान राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक सरकारी काम-काज किया जाए तथा इस दौरान अन्य दिनों की तुलना में हिंदी में काम-काज में वृद्धि की सूचना राजभाषा प्रभागों को प्रेषित की जाए।

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अधिकारी/कर्मचारी अपने नाम, पदनाम, सीपी संख्या, प्रभाग, मोबाइल एवं व्हाट्सएप नंबर, प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं का नाम तथा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (यदि भाग लिया जाना है) में भाग लिए जाने की स्थिति में gmail डोमेन पर अपनी ईमेल आईडी का विवरण राजभाषा प्रभाग को ईमेल आईडी cpcbhindievents@gmail.com पर प्रेषित करें। इसके साथ ही विधिवत पावती प्राप्त करके उक्त विवरण ऑफलाइन माध्यम से भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी **दिनांक 27.08.2021** तक अपने नाम राजभाषा प्रभाग में भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(अवधेश तिवारी)
सहायक निदेशक (रा.भा.) एवं
प्रभारी राजभाषा प्रभाग

प्रति प्रेषित :

1. अध्यक्ष, केंद्रीय बोर्ड के निजी सचिव - अध्यक्ष महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. सदस्य सचिव, केंद्रीय बोर्ड के प्रशा.अधि. - सदस्य सचिव को सादर सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वित्त लेखा अधिकारी, केन्द्रीय बोर्ड
4. सभी प्रभाग प्रभारी, केंद्रीय बोर्ड, (मुख्यालय) - कृपया अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
5. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट
6. प्रभारी, आई.टी प्रभाग - इस परिपत्र को के.प्र.नि. बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।

(अवधेश तिवारी)
सहायक निदेशक (रा.भा.) एवं
प्रभारी राजभाषा प्रभाग